खूब सुना था प्रेमियों से श्यामधणी का नाम हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम Bhajans Bhakti Songs

खूब सुना था प्रेमियों से श्यामधणी का नाम
हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम
हमने बोला आई लव यू,श्याम बोले लव यू टू

खाटू में होते देखा प्रेमियों का मेल है
खाटू के आगे भैया जन्नत भी फ़ेल है
दुख एक्सचेंज करके देता खुशियाँ बाबा श्याम
हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम
हमने बोला आई लव यू ....

श्याम कुण्ड में जिसने भी डुबकी लगा ली
उसने अपने हाथों अपनी किस्मत जगा ली
दूर करे हर रोग दोष को यहाँ का इक स्नान
हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम
हमने बोला आई लव यू,..................

देखा जो बाबा को तो मन ऐसे खिल ग या
बरसों का बिछड़ा जैसे यार कोई मिल गया
नैनों से जब नैन लड़े तो हो गया काम तमाम
सुध बुध ऐसी खोई जैसे पिया हो लाखों जाम
हमने बोला आई लव यू,....................

बाबा का चूर्मे का परसाद खाया
अमृत से ज़्यादा अच्छा भी स्वाद पाया
इसके जितनी एनर्जी देगा क्या काजू बादाम
हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम
हमने बोला आई लव यू,.................

हाय हेल्लो भूल गया मैं खाटू में आ के
ऐसा सुकून पाया श्याम नाम गा के
जो भी मुझसे मिलता मोहित कहता जय श्री श्याम
हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम
हमने बोला आई लव यू,........................

Source:
https://www.bharattemples.com/khoob-suna-tha-premiyon-se-shyaam-dhanee-ka-naam/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw